प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

05.08.2024/प्रादेशिक समाचार/9:20 बजे

तलाशी अभियान

प्रदेश के शिमला, मंडी और कुल्लू जिलों में पिछले दिनों बादल फटने की घटनाओं में लापता लोगों की तलाश आज पांचवे दिन भी जारी है। आपदा प्रभावित इन क्षेत्रों में सर्च ऑप्रेशन आज सुबह फिर से शुरू हो गया था। राज्य में अलग—अलग स्थानों पर बादल फटने की घटनाओं के बाद 40 से अधिक लोग अभी भी लापता हैं जिनमें शिमला जिले के रामपुर के समेज इलाके से सर्वाधिक लोग शामिल हैं। सर्च आप्रेशन के चौथे दिन कल समेज में घटनास्थल से करीब 14 किलोमीटर दूर नोगली के पास दो शव बरामद हुए हैं। शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि ये दोनों शव पुरूषों के हैं लेकिन इनकी पहचान नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि कुल्लू प्रशासन को भी इस संबंध में सूचना दे दी गई है और पोस्टमार्टम के बाद शवों की शिनाख्त हो पाएगी। उपायुक्त ने बताया कि सर्च ऑप्रेशन तीव्र गति से जारी है और घटनास्थल पर बचाव टीमों ने बीते कल तक 40 फीसदी मलबे का निरीक्षण कर लिया था। उन्होंने कहा कि सर्च ऑप्रेशन में 8 एल.एन.टी मशीनों की मदद ली जा रही है।

इधर कुल्लू जिले में ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण रायसन व क्लाथ के पास बंद हुआ कुल्लू—मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग बीती शाम वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया गया है। जिला उपायुक्त तोरूल एस. रवीश ने बताया कि मलाणा से 15 स्थानीय लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। उन्होंने कहा कि इस आपदा से सर्वाधिक नुकसान समेज व बागी पुल गांव में हुआ है। उपायुक्त ने कहा कि अब कुल्लू जिला में 11 लोग लापता हैं, जिन्हें ढूंढने के लिए बचाव अभियान लगातार जारी है। उन्होंने ये भी कहा कि श्रीखंड यात्रा में गए सभी लोग वापिस आ गए हैं लेकिन दो दर्जन के करीब लोग जाउं में रूके हैं जहां पर उनके वाहन फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि बागीपुल से लेकर जाउं के बीच सड़क को दुरूस्त करने के लिए आज मशीनें तेज गति से कार्य करेंगी। इसके अलावा बागीपुल में बिजली सुविधा को बहाल कर दिया गया है।

वहीं लाहौल स्पीति जिले की मयाड़ घाटी में तिंगरठ व करपट के चांगुट व उड़गौस नाले में बाढ़ आने के कारण लोक निर्माण विभाग का पुल बह गया है। जिसके चलते घाटी के गांव का संपर्क अन्य स्थानों से टूट गया है। इस आपदा से फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। एसडीएम उदयपुर केशव राम व विधायक अनुराधा राणा ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ घटनास्थल का जायज़ा लिया। वहीं जिले के चिचम नाले में भी देर शाम बाढ़ आने से घटनास्थल पर दो वाहनों के बहने की सूचना है।। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार जान—माल के नुकसान का कोई समाचार नहीं है।

एसडीएम काजा अमरिंदर सिंह ने बताया कि राजस्व व पुलिस टीमें घटनास्थल पर रवाना हो गई हैं और फंसे हुए वाहनों को निकालने के लिए मार्ग बहाली का कार्य प्रगति पर है। इस बीच मौसम विभाग ने अगले चार दिन तक राज्य में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

विद्युत

केन्द्रीय विद्युत नियामक आयोग ने विद्युत उत्पादन केन्द्रों को बस बार से मुफ्त विद्युत की शैड्यूलिंग और लेखा प्रबंधन को व्यवस्थित करने के लिए एक नई प्रक्रिया को मंजूरी दी है। प्रदेश के लिए ये प्रक्रिया आगामी 9 अगस्त से लागू हो जाएगी। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने शिमला में बताया कि विद्युत की शैड्यूलिंग और बेहतर लेखा प्रबंधन से हिमाचल प्रदेश को सालाना करीब 2 सौ करोड़ रूपए की आय होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अनेक परियोजनाएं दशकों से कार्यशील है और इस प्रक्रिया के लागू होने से राजस्व बचत भी होगी।

मिंजर मेला

चंबा का अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला रावी नदी में हाथ से बनी जरी की मिंजर विसर्जन के बाद कल संपन्न हो गया। स्थानीय विधायक नीरज नैयर ने मेले के समापन समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान लोगों के लिए व्यापारिक गतिविधियां प्रमुख रूप से आयोजित की गईं और सांस्कृतिक संध्याएं मेले का मुख्य आकर्षण रहीं। मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में पार्शव गायक जावेद अली ने खूब समा बांधा। इसके अलाव स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक लोक गीत कुंजड़ी मलहार की प्रस्तुति दी।

सुर्खियां समाचार पत्रों से———————

आज अधिकांश समाचार पत्रों मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के बयान को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। दैनिक जागरण की सुर्खी है अधिक बिल की शिकायतें आने पर बंद की निजी अस्पतालों में हिमकेयर योजना। अमर उजाला का शीर्षक है धांधलियां मिलने पर निजी अस्पतालों में हिमकेयर योजना की बंद। दैनिक सवेरा टाइम्स के शब्द हैं 25 हजार में होने वाला हर्निया का ऑप्रेशन निजी अस्पतालों में एक लाख में हुए।

पंजाब केसरी की एक खबर है छह माह में होंगे बड़े परिवर्तन, अधिकारियों की एसीआर में दर्ज होगी परफॉर्मेंस। हिमाचल दस्तक लिखता है विद्युत की शेड्यूलिंग से हर साल होगी 2 सौ करोड़ की आय।

लापता लोगों की तलाश में बाधा बन सकता है मानसून, 10 अगस्त तक भारी बारिश का अलर्ट शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है आपदा के चौथे दिन चार शव मिले, अब तक 11 की मौत, 45 की तलाश जारी।

दिव्य हिमाचल की एक खबर है 22 सौ करोड़ बढ़ी हिमाचल की कमाई।

कर्मचारियों को राहत, सीलिंग हटाई शीर्षक से आपका फैसला लिखता है न्यायालय के आदेशों के बाद जारी किया स्पष्टीकरण।